## पी.ए.आई 1.0 पंचायत उन्नति सूचकांक में टांडा पंचायत को 7 वा स्थान प्राप्त



**टांडा(धार)**- पंचायत के समग्र विकास के प्रदर्शन मापक के रूप में पी.ए.आई 1.0 अंतर्गत पंचायत उन्नति सूचकांक के लिए टांडा पंचायत को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत टांडा को बाग जनपद की कुल 48 पंचायत में से सातवे स्थान पर आई है। इस अवसर पर बाग जनपद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में टांडा सरपंच वर्षा लक्की ठाकुर व सचिव लक्ष्मणसिंह जामोद को प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। पंचायत प्रतिनिधि सागर पिपलाज व सहायक सचिव कुँवरसिंह देवल ने जानकारी देते हुए बताया कि टांडा पंचायत को यह सम्मान गिरीबी मुक्त,स्वस्थ्य, बाल हितेषी, जल पर्याप्त, स्वच्छ एवं हरित,आधारभूत सरचना,सामाजिक रूप से सुरक्षित एवं न्यायपूर्ण, सुशासन,महिला एवं बालिका हितेषी जैसे 9 बिंदुओं के आधार पर उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर दिया गया। पी.ए.आई 1.0 में ऑनलाइन ग्रेडिंग के जरिए पंचायत के समग्र विकास की ग्रेडिंग होती है । बाग जनपद की कुल 48 पंचायत में से 20 पंचायत का सम्मान किया गया । जिमसें 7 नंबर पर ग्राम पंचायत टांडा का चयन हुआ है।

## शासकीय महाविद्यालय नागदा में हुआ बलराम जयंती का आयोजन




**नागदा जं. निप्र।** रूपेटा रोड स्थित शासकीय महाविद्यालय नागदा में बलराम जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीबी रेड्डी द्वारा की गई। कार्यक्रम में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र जावेद खान एवं बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अर्चना यादव ने बलरामजी के व्यक्तित्व से संबंधित प्रेरणादायक विचारों को साझा किया। प्राचार्य ने बलरामजी के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं की व्याख्या करते हुए बताया कि किस प्रकार बलरामजी का व्यक्तित्व किसानों के जीवन से जुड़ा हुआ है और वे हल धारण कर कृषकों के महत्व को प्रतिबिंबित करते हैं।

कार्यक्रम को वरिष्ठ ग्रंथपाल वासुदेव जटावन, डॉ. केपीएस नरूका, डॉ. शिवशंकर पटेल, सीएल डोडिया, डॉ. प्रीति कनोजिया, डॉ. सविता मरमट, डॉ. रचना खंडेलवाल, डॉ. पवन कुमार अहिरवार आदि प्रोफेसर एवं विद्यार्थियों ने मिलकर सफल बनाया।

## स्वतंत्रता दिवस पर जगज-जगह फहराया जाएगा आन-बान-शान का प्रतिक तिरंगा

**नगदा जं. निप्र।** देश की आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को नगर में हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। शहर में एक दिन पूर्व से ही तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा आदि आयोजन किए जा रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर के सभी शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालयों पर भी पुरी शान से तिरंगा फहराया जाएगा। बिरलाग्राम स्थित प्रमुख उद्योग में अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहरा कर सलामी दी जाएगी। श्रमिक प्रतिनिधि अपने कार्यालयों पर ध्वजारोहण करेंगे। बिरलाग्राम औद्योगिक बस्ती में इंटक कार्यालय के अलावा विभिन्न संस्थाओं द्वारा तिरंगा फहराकर सलामी दी जाऐगी। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय अस्पताल, नगर पालिका, न्यायालय परिसर, तहसील कार्यालय व अन्य कार्यालयों पर भी विद्युत सज्जा की गई है।

**औद्योगिक संस्थानों में भी मनाई जाएगी स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ**- नगर के प्रमुख ग्रेसिम उद्योग संस्थान का ध्वजारोहण कार्यक्रम ईकाई द्वारा संचालित तीन स्कूलों आदित्य बिरला हायर सेकेण्डरी, आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल एवं आदित्य बिरला सिनियर सेकेण्डरी स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाऐगा। यहाँ ग्रेसिम के वरिष्ठ अधिकारी राष्ट्रीय ध्वज फहराऐंगे। ग्रेसिम केमिकल डिविजन में इकाई प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया जाऐगा। लैंक्सेस उद्योग में संस्थान प्रमुख तिरंगा फहराऐंगे वहीं गुलब्रेन्डसन उद्योग में इकाई प्रमुख राजीव पाठक ध्वजारोहण करेंगे। नागदा केमिकल, स्वास्तिक केमिकल में भी ध्वजारोहण किया जावेगा। **शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालयों पर भी होगा ध्वजारोहण**- न्यायालय परिसर, अनुविभागीय कार्यालय, नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस थाना नागदा एवं बिरलाग्राम, रेल्वे स्टेशन परिसर, कृषि उपज मण्डी, नगर पालिका परिषद, नागदा, भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय, सिविल हॉस्पिटल, शासकीय महाविद्यालय, प्रमुख राष्ट्रीय बैंक संस्थानों, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी, बैंक अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी आदि स्थानों पर भी ध्वजारोहण किया जाएगा। नगर की अग्रणी शिक्षण संस्थाओं शेषशायी कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, वर्धमान कॉन्वेंट विद्यालय, कमला विद्या मंदिर, मदर टेरेसा हायर सेकेण्डरी स्कूल में भी ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जावेगी। प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा जिसमें कांग्रेस द्वारा आजाद चौक पर एवं भाजपा द्वारा दिनदयाल चौक पर ध्वजारोहण किया जाऐगा।

## स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर पीएम पोषण के अन्तर्गत ''विशेष भोज'' का आयोजन के निर्देश दिए

**धार।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को पीएम पोषण कार्यक्रम (मध्यान्ह भोजन) अन्तर्गत लक्षित शालाओं के विद्यार्थियों को विशेष भोज में सब्जी-पूरी-खीर अथवा सब्जी-पूरी-हलवा तथा उसके साथ लड्डू का वितरण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि भोजन स्वच्छ साफ स्थान पर बनाया जावें, भोजन की शुध्दता एवं गुणवत्ता की जाँच हेतू संबंधित शाला के प्रधानाध्यापक/शाला के नोडल शिक्षक को दायित्व सौपा जावे तथा शिक्षक की निगरानी में भोजन तैयार करवाया जायें। प्रत्येक शाला हेतू निरीक्षण रोस्टर अनुसार निर्धारित अंत्योदय कार्डधारी, वृद्धजन व माताओं को भी विशेष भोज में शामिल किया जावे। विशेष भोज हेतू जन सहयोग एवं जन भागीदारी लिये जाने के लिए शासन से प्राप्त जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करे। विशेष भोज में आमंत्रित अंत्योदय कार्ड धारी, वृद्धजन माताए एवं जन प्रतिनिधियों की संख्या का आंकलन भोजन पकाने की लागत राशि में समावेश किया जा सकता है। भोजन का नमूना भी 24 घण्टे के लिये रखे जाने हेतू तथा भोजन वितरण से पूर्व भोजन चखने के लिए संबंधित शाला के प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया जावें। उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करवाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं जन शिक्षा केन्द्र प्रभारी को इस आयोजन की मॉनिटरिंग का दायित्व सौपा गया है।

# श्रीकृष्ण जीवन प्रसंगों की झाँकियों संग स्नेह में विशेष बच्चों ने मनाई जन्माष्टमी







**नागदा जं. निप्र।** लायंस ऑफ नागदा की स्थायी परियोजना एवं दिव्यांगजन पुनर्वास के क्षेत्र में देश की सर्वश्रेष्ठ संस्था के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित संस्था स्नेह में गुरुवार को जन्माष्टमी का पर्व श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों की झाँकियों के थीम के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर स्नेह स्थित लायंस हॉल को कारागार में श्रीकृष्ण जन्म, नंद घर, पूतना वध, गोवर्धन पर्वत, प्रेम मंदिर आदि की सुंदर झाँकियाँ से सजाई गया।

संस्था के संस्थापक डॉ. पंकज मारू ने बताया कि स्नेह की पूर्व निदेशक स्व. डॉ. नैना द्वारा विभिन्न भारतीय त्योहारों को दिव्यांग बच्चों के साथ पारंपरिक रूप से मनाने की शुरुआत की थी, ताकि उन्हें भारतीय संस्कृति और पर्वो के महत्व को समझाया जा सके। शिक्षण के इस प्रायोगिक तरीके से जहा बच्चों में उत्साह का संचार होता हैं वही उन्हें सामाजिक भागीदारी के लिए भी प्रेरित करता है। कार्यक्रम में विशेष बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण किया और सभी बच्चे व स्टाफ पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। कार्यक्रम में अंधी मटकी फोड़ और ऊँची मटकी फोड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मटकी फोड़ने के बाद सभी बच्चों को मिठाइयाँ वितरित की गईं। जन्माष्टमी की सुंदर प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर मुख्य अतिथि एवं महेश्वरी समाज नागदा अध्यक्ष घनश्याम राठी ने नगद राशि देकर प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में लायंस क्लब नागदा ग्रेटर सचिव लायन जया राठी, कोषाध्यक्ष लायन सलीम खान, लायन गोविन्दलाल मोहता, लायन विनयराज शर्मा, लायन सतीश बजाज, प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान, प्रतीक माहेश्वरी, तरुणा मारू, उप निदेशक महेश चन्द्र राठौर, परियोजना अधिकारी विप्लव चौहान, डॉ. विजेंद्र सिंह डोडिया, डॉ. कविता सोनी, मनीष जोनवाल, चन्दनसिंह, रमेश सिलावट, गुड़िया शर्मा, सुनील गौतम, जीवेन्द्र प्रसाद बिसेन, रंजीता तंवर, राकेश सोनी, चेतना सक्सेना, दीपिका भावसार, सविता उपाध्याय, पूजा खेरवार, पप्पू पानोला, गौरव नागर, लोकेश चौहान, पिंकी मरमट, सोनू सेन, अनीता परमार, निर्मला, आशा नामदेव, मुन्नी बाई, पूजा रेवाल, आशा बाली, बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## नवकार सोश्यल ग्रुप द्वारा ग्राम मकला के शासकीय स्कूल को छत पंखे किये भेंट



**नागदा जं. निप्र।** नवकार सोश्यल ग्रुप के बेनर तले मकला गांव के शासकीय प्राथमिक स्कूल मे छत के पंखे भेंट किये गये। संस्थापक अध्यक्ष राजेश सकलेचा ने बताया कि जीवदया एवं मानवसेवा के क्षेत्र में ग्रुप द्वारा विगत 15 वर्षो से लगातार समाजसेवीयों के सहयोग से सेवाकार्य किये जा रहे है। इसी क्रम में लाभार्थी परिवार मनोहलाल रवि कुमार काठेड परिवार की ओर से 14 अगस्त गुरूवार को ग्राम मकला स्थित स्कुल की प्राचार्या को छत के पंखे भेंट किये गये। कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती को माल्यार्पण के साथ हुआ। स्कूल की प्राचार्या एवं स्टॉफ की ओर से लाभार्थी परिवार का बहुमान किया गया तथा ग्रुप सदस्यो ने भी अनुमोदना की। इस अवसर पर प्रथम काठेड, शरद जैन, कमल जैन, श्रेणीक बम, रवि संघवी, कृष्णा चोबे, निर्मला, निबुला कमल आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व मे बिरलाग्राम क्षेत्र में तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ



**नागदा जं. निप्र।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर युवा मोर्चा नागदा द्वारा बिरलाग्राम क्षेत्र में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा तिरंगा हाथ में लेकर अपनी मोटरसाइकिल से बिरलाग्राम के विभिन्न क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा के रूप में युवा निकले। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, वरिष्ठ नेता सुल्तानसिंह शेखावत, नपा उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, सीएम अतुल, जितेंद्र दुबे, रामसिंह शेखावत, लोकेश माली एवं छोटे मल्लाह, अजय महेश्वरी, श्रीमती माया शर्मा, पार्षद कौशल्या देवी एवं रघुनाथ सिंह बब्बू आदि उपस्थित रहे। साथ ही युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राजा पवार, आशुतोष डोडिया, रजत साहनी, गोपाल पोरवाल, राजा यादव, मोंटी राजकुमार, साहनी दिनेश, परिहार, अजय कुशवाहा, विक्रमसिंह डोडिया, भेरू मीणा, अजय पालीवाल, जीतू ठाकुर दिव्यांशु यादव, संजय भंवरिया, वीरेंद्र जयपाल, विशाल गहलोत, कृष्ण ठाकुर, प्रद्युम्न जाट, तनु साहनी, रूपम ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता की उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष प्रकाश जैन ने किया एवं आभार मंडल महामंत्री ने माना।

## हर घर तिरंगा रैली में शासकीय महाविद्यालय ने की सहभागिता



**नागदा जं. निप्र।** शासकीय महाविद्यालय नागदा में शासन के निर्देशानुसार एनसीसी एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में हर घर तिरंगा- हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव- स्वतंत्रता के संग अभियान का आयोजन 9 अगस्त से 14 अगस्त तक विभिन्न चरणों में मनाया गया। इसके अंतर्गत रंगोली, पोस्टर निर्माण तथा राखी निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता एवं स्वच्छता थीम पर स्वयं की कलाकृतियों का निर्माण किया। महाविद्यालय द्वारा 14 अगस्त को हर घर तिरंगा रैली का भी आयोजन किया गया जो नगर पालिका से शुरू हुई तथा शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुराने बस स्टैंड पर समाप्त हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीबी रेड्डी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के साथ-साथ राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना है साथ ही प्रदेश सरकार का यह अभियान स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैला कर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के स्वच्छ भारत मिशन को भी मजबूती प्रदान करता है। रैली में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह के साथ हिस्सा लिया तथा लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आह्वान किया इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## श्री बद्रीविशाल मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जावेगी

**नागदा जं. निप्र।** पोरवाल समाज द्वारा 16 अगस्त शनिवार को श्री बद्रीविशाल मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व मनाया जायेगा। इस अवसर पर मंदिर में भगवान का आकर्षक श्रृंगार कर विद्युत सज्जा की जायेगी। श्रीकृष्ण भगवान को पलने में झूलते हुए झांकी भी सजाई जाएगी। रात 8 बजे से मंदिर के प्रवचन हॉल में भजन संध्या होगी। भजन गायक राजु सोनी व मन मधुकर ग्रुप के कलाकारो द्वारा भजनो की प्रस्तुति दी जाएगी। रात 12 बजे जन्मोत्सव की महाआरती व पंजेरी का प्रसाद वितरण होगा। समाज अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पोरवाल, नन्दकिशोर पोरवाल, कैलाश सेठिया, सुरेन्द्र पोरवाल, अशोक पोरवाल, रमेशचन्द्र फरक्या सहित मंदिर समिति के सदस्यो व पोरवाल युवा संगठन महिला मण्डल, पोरवाल बहुमंडल, पोरवाला सखी मंडल व पोरवाल समाजजनो ने कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है। यह जानकारी योगेन्द्र पोरवाल ने दी है।

## धार पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा

### देशभक्ति के गीतों के साथ रोड शो, बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल हुए



**धार** में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। रैली में सैकडों की संख्यां में पुलिसकर्मी शामिल हुए अतिरिक्तह पुलिस अधीक्षक विजय डावर के नेतृत्व् में आयोजि?त इस रैली का उद्देश्यम राष्ट्रिपेम को जागृत कर हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। शहर में पुलिस विभाग की तिरंगा यात्रा की शुरुआत डीआरपी लाईन से हुई। खुली जीप में अतिरिक्तव पुलिस अधीक्षक विजय डावर, सीएसपी सुजावत जग्गाि, कोतवाली थाना प्रभारी समीर पाटीदार, ट्रैफि?क थाना प्रभारी प्रेमसिंह ठाकुर सवार थे, साथ ही बाइक पर सैंकडों पुलिसकर्मी तिरंगा फहराते हुए चल रहे थे। पुलिस तिरंगा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुनः डीआरपी लाईन पहुंची जहां समापन किया गया। जहां संबोधन में एडीशनल एसपी डावर ने कहा कि स कार्यक्रम में हम संकल्प लें कि हर हाल में तिरंगे की गरीमा को बनाए रखेंगे। एक नागरिक के रूप में संकल्प लें कि पुलिस के साथ मिलकर अपराधों को कम करने में योगदान दें। उल्लास और उत्साह के साथ तिरंगे की स्वाभिमान की रक्षा करें।

# भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर धार नगर में भाजपा ने मौन जुलुस निकला




**धार।** 14 अगस्त भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस% पर भाजपा नगर कार्यकर्ताओं ने नगर में मौन जुलुस निकला इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती विधायक श्रीमती नीना वर्मा भाजपा नेता डॉक्टर शरद विजयवर्गीय तिरंगा अभियान जिला संयोजक देवेंद्र सोनोने की विशेष उपस्थिति में मौन जुलूस निकाला गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष भारती व विधायक वर्मा ने कहा कि 14 अगस्त भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस% पर उन सभी लोगों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते है जिन्होंने 1947 में देश विभाजन के कारण अपनी और अपने परिजनों की जान गँवाई। देश का विभाजन भारतीय इतिहास का वो अमानवीय अध्याय है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

मौन जुलुस में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ममता जोशी पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कालीचरण सोनवानिया पूर्व जिला महामंत्री श्याम नायक पूर्व नगर अध्यक्ष अनिल जैन बाबा भाजपा नगर अध्यक्ष जयराज देवड़ा भाजपा जिला मंत्री जीवन रघुवंशी जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा मनीष प्रधान ज्ञानेंद्र त्रिपाठी नरेश राजपुरोहित राजेश हारोड़ नितेश अग्रवाल युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनमचंद फकीरा जसप्रीत डंग नवदीप सिंह चौहान लव प्रजापति मुन्नालाल राठौर मंडल महामंत्री राकी आहूजा सीमा सोनी सुरेश प्रजापत अमित शर्मा देवेंद्र रावल सोनिया राठौर आशुतोष विजयवर्गीय लाखन सिंह नवासा रीमा राठौर प्रज्ञा ठाकुर प्रतिभा शर्मा राखी राय शांतिलाल शर्मा बादल मालवीय करण पटेल महेश बोडाने कमलेश बिजवा प्रभात गुप्ता समेत सैकड़ो नगर भाजपा कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## लावारिस वाहनों के संबंध में दावा 22 अगस्त तक प्रस्तुत कर सकेंगे

**धार।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनावर ने बताया कि पुलिस थाना मनावर में लावारिस वाहन रखे गये है। जिनका कोई भी व्यक्ति जो उक्त सम्पत्ति का दावा रखते है, वे 22 अगस्त तक न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अपना स्वतः सिद्ध कर सकते है। इसके पश्चात म्याद प्राप्त आपत्ति को निराधार माना जाकर उस पर विचार नहीं किया जाकर विधिवत् वाहनों की नीलामी की जावेगी। अधिक जानकारी के लिये थाना मनावर प्रागंण में जाकर प्राप्त कर सकते है।